प्रेस नोट दिनाँक 22.01.2025

थाना- मीरगंज जनपद बरेली

थाना मीरगंज पुलिस #bareillyPolice द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 01 अभियुक्त को 712 ग्राम अफीम (अनुमानित अन्तराष्ट्रीय कीमत लगभग 1.10 लाख रुपये) व 01 मोटर साईकिल बजाज प्लेटिना बिना नम्बर व 01 मोबाइल फोन टैक्नो सहित किया गया गिरफ्तार।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना प्रभारी मीरगंज के नेतृत्व में दिनांक 21/22.01.2025 की रात्रि में थाना मीरगंज पुलिस टीम द्वारा दौराने चैकिंग व्यक्ति/वाहन व मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त दुर्वेश पुत्र ओमकार निवासी ग्राम गोकुलपुर थाना विशारतगंज जनपद बरेली उम्र 21 वर्ष को मनकरा गुगई रोड पर फाटक के पास मीरंगज क्षेत्र से समय करीब 23.45 बजे गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से कुल 712 ग्राम अफीम (अनुमानित अन्तराष्ट्रीय कीमत करीब 1.10 लाख रुपये) व 01 मोटर साईकिल बजाज प्लेटिना बिना नम्बर व एक मोबाइल फोन टैक्नो कम्पनी बरामद किये गये । गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि वह अफीम सप्लाई का काम करता है। इस काम से मुझे मेरी जरूरत खर्च के पैसे मिले जाते है। यह अफीम करण पाल उर्फ लालकरन पुत्र भगवान दास निवासी ग्राम कुंडरिया फैजुल्लापुर थाना अलीगंज जनपद बरेली की है । जिसे आज मैं उससे लेकर बेचने जा रहा था कि पकड़ा गया। अभियुक्त से बरामद मोटर साईकल का चेचिस नम्बर ई चालान ऐप पर डालकर चैक किया गया तो वाहन संख्या UP25EC6836 दीपक कुमार पुत्र झब्बू लाल कश्यप निवासी ग्राम कुंडरिया फैजुल्लापुर थाना अलीगंज जनपद बरेली का होना पाया गया । उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना मीरगंज पर मु0अ0स0 45/2025 धारा 8/18/29 एनडीपीएस एक्ट थाना मीरगंज जनपद बरेली पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –

1.दुर्वेश पुत्र ओमकार निवासी ग्राम गौकुल पुर थाना बिशारतगंज जनपद बरेली उम्र करीब 21 वर्ष ।

1. मु0अ0स0 45/2025 धारा 8/18/29 एनडीपीएस एक्ट थाना मीरगंज जनपद बरेली ।

बरामदगी -

1. कुल 712 ग्राम अफीम (अनुमानित अन्तराष्ट्रीय कीमत 1.10 लाख रुपये) ।
2. 01 अदद मोटर साईकिल बजाज प्लेटिना बिना नम्बर ।
3. एक अदद मोबाइल फोन टैक्नो कम्पनी ।

पुलिस टीम -

1. उ0नि0 सूरजपाल सिंह थाना मीरगंज जनपद बरेली ।
2. हे0का0 418 अनुज कुमार थाना मीरगंज जनपद बरेली ।
3. का02867 रजत मलिक थाना मीरगंज जनपद बरेली ।
4. का0302 अंकुर कुमार थाना मीरगंज जनपद बरेली ।